कार्यालय : लोक सेवा आयोग, उ0प्र0
संख्या :1015/11/ई-1/2022-23
दिनांक : प्रयागराज, 28 जून, 2023

विज्ञप्ति

उ0प्र0 लोक सेवा आयोग द्वारा अभ्यर्थियों के व्यापक हित में चयन हेतु आवेदन करने की प्रक्रिया को सुविधाजनक, सरल, सुगम बनाने की दृष्टि से एकल अवसरीय पंजीकरण (ओ0टी0आर0) की सुविधा प्रदान की गयी है। वर्तमान में **एकल अवसरीय पंजीकरण (ओ0टी0आर0)** प्रक्रिया आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in पर यथास्थान क्लिक करके वांछित सूचनाएं भरकर पूर्ण की जा सकती है। अभ्यर्थीगण **एकल अवसरीय पंजीकरण (ओ0टी0आर0)** प्रक्रिया पूर्ण कर लें, जिससे भविष्य में होने वाले विज्ञापन में आवेदन करने में उन्हें कोई असुविधा न हो। एक बार ओ0टी0आर0 पंजीकरण हो जाने के बाद उसमें अधिकतम तीन बार पुनः संशोधन किया जा सकता है। ओ0टी0आर0 प्रक्रिया अविलम्ब पूर्ण कर अभ्यर्थियों को ओ0टी0आर0 पंजीकरण संख्या प्राप्त करना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदन न कर पाने की स्थिति में अभ्यर्थी स्वतः जिम्मेदार होगा।

वर्तमान में समस्त ऑनलाइन आवेदनों हेतु ओ0टी0आर0 व्यवस्था अनिवार्य रूप से लागू है अब कोई भी अभ्यर्थी किसी विज्ञापन के सापेक्ष बिना ओ0टी0आर0 के आवेदन नहीं कर सकता। अतः अभ्यर्थीगण इस क्रम में वर्तमान विज्ञापनों के साथ-साथ भविष्य में जारी होने वाले विज्ञापनों के अन्तर्गत ऑनलाइन आवेदन करने हेतु O.T.R.(One Time Registration) कर लें जिससे अभ्यर्थियों को समस्त विज्ञापनों के सन्दर्भ में प्रक्रियाओं की अनुपालना में सुगमता होगी।

(अशोक कुमार)
सचिव